## समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय (गैर–महापत्तन) में जुलाई, 2023 के दौरान और तक हैंडल किया गया कार्गो

## भारत के समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय में कुल कार्गो यातायात

समुद्री यातायात कार्यकलाप, वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाले विकास अर्थात्: वैश्विक आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि द्वारा चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा हैंडल किए गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों दोनों स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर है। गैर-महापत्तनों पर कार्गो यातायात अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान हैंडल किए गए 224.25 मिलियन टन से **अप्रैल– जुलाई, 2023-24 के दौरान 4.7% तक बढ़कर 234.86 मिलियन टन हो गया।**

गैर-महापत्तनों पर हैंडल किया गया विदेशी कार्गो यातायात, अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान हैंडल किए गए 186.69 मिलियन टन से अप्रैल-जुलाई, 2023-24 के दौरान 2.4% तक बढ़कर 191.08 मिलियन टन हो गया। गैर-महापत्तनों पर हैंडल तटीय कार्गो यातायात अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान हैंडल किए गए 37.56 मिलियन टन से अप्रैल-जुलाई, 2023-24 के दौरान 16.6% तक बढ़कर 43.78 मिलियन टन हो गया।

## जुलाई, 2023 के दौरान हैंडल किए गए पत्तनवार कार्गो


- गैर-महापत्तनों में जुलाई, 2023 के दौरान 58.75 मिलियन टन कार्गो हैंडल किया गया जो पिछले वर्ष की समान अवधि में हैंडल किए गए कार्गो की 55.06 मिलियन टन की तुलना में 6.7% की वृद्धि को दर्शाता है। जुलाई, 2022 के दौरान संभाले गए 7.91 मिलियन टन की तुलना में तटीय कार्गो यातायात जुलाई, 2023 के दौरान 12.0% बढ़कर 8.86 मिलियन टन हो गया। गैर-महापत्तनों में, जुलाई, 2023 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो जुलाई, 2022 के दौरान संभाले गए 47.16 मिलियन टन से 5.8% बढ़कर 49.89 मिलियन टन हो गया।
- **जुलाई**, 2023 के दौरान, पत्तन निदेशालय, कर्नाटक के गैर-महापत्तनों ने विगत वर्ष की समय अवधि की तुलना में यातायात में 78.9% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है हांलाकि, कुल हैंडल किए गए कार्गो में इसकी हिस्सेदारी बहुत कम थी। इसके बाद, पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (59.4%), केरल समुद्री बोर्ड (केएमबी) (48.6%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (16.2%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (एमएमबी) (11.3%) और गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) (7.6%) आते हैं। **जुलाई , 2023 में जिन समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों ने ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की**, उनमें पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप (21.2%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (टीएनएमबी) (11.6%) और आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (एपीएमबी) (3.6%)आते हैं।
- जुलाई, 2023 के दौरान, समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालयों में गुजरात समुद्री बोर्ड ने समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में हैंडल किए गए कुल कार्गो में (65.3%) की हिस्सेदारी के साथ 38.35

मिलियन टन का अधिकतम कार्गो यातायात हैंडल किया। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (16.2%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (8.2%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (7.0%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.7%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.4%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.2%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं।

- वस्तुओं के व्यापक स्तर पर विगत वर्ष की समया वधि की तुलना में जुलाई, 2023 में परियोजना कार्गो **ने 261.0% की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की** है हांलाकि, कुल हैंडल किए गए कार्गो में इसकी हिस्सेदारी बहुत कम थी। इसके बाद, दालें (221.1%), लौह अयस्क (99.6%), अन्य अयस्क (70.2%), खाद्य तेल (69.5%), निर्माण सामग्री (57.6%), एफआरएम लिक्विड (47.3%), चीनी (42.5%), पीओएल उत्पाद (33.6%), अन्य वस्तुएं (19.4%), पीओएल क्रूड (13.1%), कंटेनर (12.4%), कोकिंग कोयला (7.3%), सीमेंट (2.1%) और एलपीजी अथवा एलएनजी (1.5%) आते हैं। दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न ने जुलाई, 2023 में 59.8% की अधिकतम ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, थर्मल कोयला (29.0%), अन्य कोयला (28.7%), उर्वरक (15.8%) और लोहा और इस्पात (7.4%) आते हैं।
- वस्तुओं के व्यापक स्तर पर जुलाई, 2023 में **कंटेनर** ने **18.6% की हिस्सेदारी के साथ 10.91 मिलियन टन** के अधिकतम कार्गो यातायात की हैंडलिंग की। इसके बाद, पीओएल क्रूड (15.0%), अन्य कोयला (14.0%), पीओएल उत्पाद (13.5%), अन्य वस्तुएं (9.8%), लौह अयस्क पेलेट्स/फाइन (8.0%), कोकिंग कोयला (6.4%), थर्मल कोयला (4.6%), एलपीजी अथवा एलएनजी (3.1%), उर्वरक (2.3%), सीमेंट (1.1%), एफआरएम ड्राई और खाद्य तेल (0.8%) प्रत्येक, लोहा एवं इस्पात (0.5%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न, चीनी और अन्य अयस्क (0.4%) प्रत्येक, एफआरएम लिक्विड (0.3%), दालें (0.2%) और निर्माण सामग्री (0.1%) आते हैं।

## <u>अप्रैल–जुलाई, 2023–24 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात</u>

- अप्रैल-जुलाई, 2023-24 के दौरान **कैप्टन ऑफ पोर्ट्स, गोवा** ने 233.9% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। हालांकि, हैंडल किए गए कुल कार्गो में इसकी हिस्सेदारी नगण्य है। इसके बाद, पत्तन निदेशालय, ओडिशा (17.7%), पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (16.0%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (13.9%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (11.6%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (8.4%) और तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (4.3%) आते हैं। अप्रैल-जुलाई, 2022-23 की तुलना में समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों में से अप्रैल-जुलाई 2023-24 के दौरान केरल समुद्री बोर्ड (14.3%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (6.4%) ने यातायात में सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। **(तालिका**– 1)




नोट: उपर्युक्त ग्राफ के अन्य में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तन शामिल हैं।

- अप्रैल-जुलाई, 2023-24 के दौरान, समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में से गुजरात समुद्री बोर्ड ने 61.4% की हिस्सेदारी के साथ 144.17 मिलियन टन की अधिकतम कार्गो की हैंडलिंग की। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (17.5%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (10.5%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (7.2%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.6%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.4%) और अन्य (0.4%) में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तन शामिल हैं। **(ऊपर दिया गया ग्राफ** 1)

**तालिका –1 : गैर–महापत्तन – पत्तनवार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात**

**(हजार टनों में)**

| **क्रम सं.** | **पत्तनों के नाम** | | **(जुलाई , 2022) (पी)** | | **(जुलाई , 2023) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल-जुलाई 2022-23) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल-जुलाई , 2023-24) (पी)** | | **% अंतर {(कॉ.10/ कॉ.8-1)* 100}** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | |
| | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1 | जीएमबी | विदेशी | 32008 | 67.9 | 34777 | 69.7 | 128669 | 68.9 | 129343 | 67.7 | 0.5 |
| | | तटीय | 3630 | 45.9 | 3571 | 40.3 | 15474 | 41.2 | 14828 | 33.9 | -4.2 |
| | | कुल | 35638 | 64.7 | 38348 | 65.3 | 144143 | 64.3 | 144171 | 61.4 | 0.0 |
| 2 | एमएमबी | विदेशी | 1905 | 4.0 | 1656 | 3.3 | 8758 | 4.7 | 8560 | 4.5 | -2.3 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तटीय | 2404 | 30.4 | 3138 | 35.4 | 13314 | 35.4 | 16081 | 36.7 | 20.8 |
| | | कुल | 4309 | 7.8 | 4794 | 8.2 | 22072 | 9.8 | 24641 | 10.5 | 11.6 |
| 3 | टीएनएमबी | विदेशी | 846 | 1.8 | 787 | 1.6 | 2960 | 1.6 | 3245 | 1.7 | 9.6 |
| | | तटीय | 61 | 0.8 | 16 | 0.2 | 244 | 0.6 | 97 | 0.2 | -60.0 |
| | | कुल | 907 | 1.6 | 802 | 1.4 | 3204 | 1.4 | 3343 | 1.4 | 4.3 |
| 4 | गोवा | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 2 | 0.0 | 6 | 0.0 | 233.9 |
| | | कुल | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 2 | 0.0 | 6 | 0.0 | 233.9 |
| 5 | केएमबी | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 2 | 0.0 | 3 | 0.0 | 25 | 0.1 | 22 | 0.0 | -14.3 |
| | | कुल | 2 | 0.0 | 3 | 0.0 | 25 | 0.0 | 22 | 0.0 | -14.3 |
| 6 | पुदुच्चेरी | विदेशी | 623 | 1.3 | 993 | 2.0 | 3405 | 1.8 | 3692 | 1.9 | 8.4 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | कुल | 623 | 1.1 | 993 | 1.7 | 3405 | 1.5 | 3692 | 1.6 | 8.4 |
| 7 | आंध्र प्रदेश | विदेशी | 8287 | 17.6 | 7711 | 15.5 | 29446 | 15.8 | 30232 | 15.8 | 2.7 |
| | | तटीय | 1554 | 19.7 | 1779 | 20.1 | 6582 | 17.5 | 10818 | 24.7 | 64.3 |
| | | कुल | 9842 | 17.9 | 9490 | 16.2 | 36028 | 16.1 | 41049 | 17.5 | 13.9 |
| 8 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | विदेशी | 39 | 0.1 | 5 | 0.0 | 97 | 0.1 | 54 | 0.0 | -44.4 |
| | | तटीय | 106 | 1.3 | 109 | 1.2 | 540 | 1.4 | 543 | 1.2 | 0.5 |
| | | कुल | 145 | 0.3 | 114 | 0.2 | 637 | 0.3 | 597 | 0.3 | -6.4 |
| 9 | कर्नाटक | विदेशी | 32 | 0.1 | 61 | 0.1 | 263 | 0.1 | 299 | 0.2 | 13.5 |
| | | तटीय | 7 | 0.1 | 8 | 0.1 | 75 | 0.2 | 93 | 0.2 | 24.7 |
| | | कुल | 38 | 0.1 | 69 | 0.1 | 338 | 0.2 | 392 | 0.2 | 16.0 |
| 10 | ओडिशा | विदेशी | 3419 | 7.3 | 3900 | 7.8 | 13091 | 7.0 | 15656 | 8.2 | 19.6 |
| | | तटीय | 141 | 1.8 | 235 | 2.7 | 1304 | 3.5 | 1289 | 2.9 | -1.1 |
| | | कुल | 3560 | 6.5 | 4136 | 7.0 | 14395 | 6.4 | 16946 | 7.2 | 17.7 |
| **कुल** | | **विदेशी** | **47158** | **85.6** | **49890** | **84.9** | **186688** | **83.3** | **191081** | **81.4** | **2.4** |
| | | **तटीय** | **7906** | **14.4** | **8858** | **15.1** | **37561** | **16.7** | **43778** | **18.6** | **16.6** |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | 5506<br>4 | 100.0 | 58748 | 100.0 | 224249 | 100.0 | 234858 | 100.0 | 4.7 |

**स्रोत :– पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (पी) अनंतिम**

- अप्रैल-जुलाई, 2023-24 के दौरान, **अन्य अयस्क ने** 75.3% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, निर्माण सामग्री (74.3%), खाद्य तेल (45.9%), लौह अयस्क (41.8%), एफआरएम लिक्विड (30.5%), दालें (30.3%), कंटेनर (8.9%), पीओएल उत्पाद (6.0%), अन्य वस्तुएं (4.5%), कोकिंग कोयला (1.5%), उर्वरक (0.6%), एलपीजी अथवा एलएनजी (0.5%) तथा अन्य कोयला (0.2%) आते हैं। । अप्रैल-जुलाई, 2022-23 की तुलना में अप्रैल-जुलाई , 2023-24 के दौरान **चीनी** ने यातायात में 52.9% की अधिकतम ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, परियोजना कार्गो (51.9%), दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न (40.1%), लोहा और इस्पात (25.8%), सीमेंट (21.3%), पीओएल क्रूड (2.9%) और थर्मल कोयला (2.2%) आते हैं **(तालिका–2)।**

- सभी वस्तुओं में से, अप्रैल- जुलाई, 2023-24 के दौरान पत्तनों में अधिकतम हैंडल किया गया सामान **कंटेनर** है, जो 17.7% की हिस्सेदारी के साथ 41.60 मिलियन टन रहा। इसके बाद, अन्य कोयला (17.0%), पीओएल क्रूड (13.3%), पीओएल उत्पाद (10.7%), अन्य वस्तुएं (10.2%), लौह अयस्क (9.7%), कोकिंग कोयला (6.1%), थर्मल कोयला (6.0%), एलपीजी एवं एलएनजी (3.1%), उर्वरक (1.8%), सीमेंट (1.3%), दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न (0.6%), खाद्य तेल और लोहा और इस्पात (0.5%) प्रत्येक, अन्य अयस्क, एफआरएम ड्राई, चीनी और निर्माण सामग्री (0.3%) प्रत्येक, एफआरएम लिक्विड (0.2%) और दालें (0.1%) आते हैं।

**तालिका–2: गैर–महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तुवार वृद्धि**

**(हजार टनों में)**

| **वस्तुएं** | **(जुलाई** , 2022) **(पी)** | | **(जुलाई** , 2023) **(पी)** | | **कुल योग (अप्रैल-जुलाई** , 2022-23) **(पी)** | | **कुल योग (अप्रैल-जुलाई** , 2023-24) **(पी)** | | **% अंतर** {**(कॉ**.8/ **कॉ**.6-1)* 100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (12) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| पीओएल क्रूड | 7812 | 14.2 | 8835 | 15.0 | 32117 | 14.3 | 31178 | 13.3 | -2.9 |
| पीओएल उत्पाद | 5814 | 10.6 | 7766 | 13.2 | 23628 | 10.5 | 25046 | 10.7 | 6.0 |
| एलपीजी या एलएनजी | 1805 | 3.3 | 1833 | 3.1 | 7250 | 3.2 | 7285 | 3.1 | 0.5 |


| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खाद्य तेल | 261 | 0.5 | 442 | 0.8 | 864 | 0.4 | 1260 | 0.5 | 45.9 |
| एफआरएम-लिक्विड | 113 | 0.2 | 167 | 0.3 | 444 | 0.2 | 579 | 0.2 | 30.5 |
| लौह अयस्क पेलेट /फाइन | 2361 | 4.3 | 4713 | 8.0 | 16130 | 7.2 | 22873 | 9.7 | 41.8 |
| अन्य अयस्क | 131 | 0.2 | 223 | 0.4 | 463 | 0.2 | 811 | 0.3 | 75.3 |
| थर्मल कोयला | 3808 | 6.9 | 2702 | 4.6 | 14483 | 6.5 | 14123 | 6.0 | -2.5 |
| कोकिंग कोयला | 3514 | 6.4 | 3771 | 6.4 | 14049 | 6.3 | 14261 | 6.1 | 1.5 |
| अन्य कोयला | 11522 | 20.9 | 8213 | 14.0 | 39890 | 17.8 | 39977 | 17.0 | 0.2 |
| उर्वरक | 1630 | 3.0 | 1372 | 2.3 | 4164 | 1.9 | 4187 | 1.8 | 0.6 |
| एफआरएम-ड्राई | 0 | 0.0 | 442 | 0.8 | 0 | 0.0 | 647 | 0.3 | 0.0 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | 584 | 1.1 | 235 | 0.4 | 2203 | 1.0 | 1320 | 0.6 | -40.1 |
| दालें | 38 | 0.1 | 123 | 0.2 | 121 | 0.1 | 158 | 0.1 | 30.3 |
| चीनी | 152 | 0.3 | 217 | 0.4 | 1264 | 0.6 | 595 | 0.3 | -52.9 |
| सीमेंट | 614 | 1.1 | 627 | 1.1 | 3888 | 1.7 | 3062 | 1.3 | -21.3 |
| लोहा तथा इस्पात | 302 | 0.5 | 280 | 0.5 | 1671 | 0.7 | 1240 | 0.5 | -25.8 |
| परियोजना कार्गो | 5 | 0.0 | 20 | 0.0 | 119 | 0.1 | 57 | 0.0 | -51.9 |
| निर्माण सामग्री | 53 | 0.1 | 84 | 0.1 | 365 | 0.2 | 637 | 0.3 | 74.3 |
| कंटेनर टन | 9702 | 17.6 | 10905 | 18.6 | 38205 | 17.0 | 41596 | 17.7 | 8.9 |
| कंटेनर टीईयू* | 734 | 1.3 | 687 | 1.2 | 2889 | 1.3 | 3009 | 1.3 | 4.2 |
| अन्य | 4841 | 8.8 | 5780 | 9.8 | 22932 | 10.2 | 23966 | 10.2 | 4.5 |
| कुल | **55064** | **100.0** | **58748** | **100.0** | **224249** | **100.0** | **234858** | **100.0** | **4.7** |

**स्रोत :– पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय नोटः हजार संख्याओं में (पी) अनंतिम**

## <u>अप्रैल– जुलाई, 2023-24 के दौरान हैंडल किए गए विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात</u>

- अप्रैल- जुलाई, 2023-24 के दौरान गैर-महापत्तनों में, गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) ने 67.7% की हिस्सेदारी के साथ 129.34 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो का संचालन किया। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (15.8%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (8.2%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (4.5%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.9%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.7%) और अन्य (0.2%) जिसमें अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तन द्वारा हैंडल किए गए कार्गो शामिल है। **(ग्राफ**–2)


**Graph 2. State Maritime/ Directorate-wise share of Overseas cargo traffic handled during April-July, 2023-24**




नोट: उपरोक्त ग्राफ-2 में अन्य अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तनों को दर्शाता है।

- अप्रैल-जुलाई, 2023-24 के दौरान गैर-महापत्तनों में, 36.7% हिस्सेदारी के साथ महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड ने 16.08 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो को हैंडल किया। इसके बाद, गुजरात समुद्री बोर्ड (33.9%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (24.7%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (2.9%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (1.2%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (0.2%) और अन्य (0.3%) जिसमें गोवा, केरल, कर्नाटक और पुदुच्चेरी के गैर-महापत्तन द्वारा हैंडल किए गए कार्गो शामिल हैं। (**ग्राफ**–3)

**Graph 3. State Maritime/ Directorate-wise share of Coastal cargo traffic handled during April-July, 2023-24**




नोट: उपरोक्त ग्राफ-3 में अन्य गोवा, केरल, कर्नाटक और पुदुच्चेरी के गैर-महापत्तनों को दर्शाता है।

*****************************